अजय चन्द्राकर
मंत्री
पंचायत एवं ग्रामीण विकास,
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
चिकित्सा शिक्षा तथा संसदीय कार्य

छत्तीसगढ़

निवास : सी–3, सिविल लाईन
रायपुर (छत्तीसगढ़)
दूरभाष : 0771–2445561, 2445153
मंत्रालय : एम–4/1–5,महानदी भवन,
मंत्रालय–नया रायपुर
दूरभाष : 0771–2510904, 2221104
E-mail : cgprdminister@gmail.com

रायपुर, दिनांक 04/07/2018

क्रमांक 123 /मंत्री पं.ग्रा.वि./लो.स्वा.एवं प.क./चि.षि./सं. कार्य/गृह,जेल,लो.स्वा.या.(अ.प्र.)/2016

प्रदेश के 10 आकांक्षी (Aspirational) जिलों के 1870 ग्रामों में 01 जून से 15 अगस्त 2018 के मध्य, विस्तृत ग्राम स्वराज अभियान (EGSA) चलाया जा रहा है। (सूची पृष्ठभाग में अंकित है) इस अभियान के अंतर्गत 07 प्रमुख योजनाओं (**1.** प्रधानमंत्री उज्जवला **2.** सहज बिजली हर घर योजना–सौभाग्य **3.** उजाला **4.** प्रधानमंत्री जनधन योजना **5.** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा **6.** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा **7.** मिशन इन्द्रधनुष) में ग्रामों को पूर्णतः आच्छादित (Saturate) किया जाना है, अर्थात् इन योजनाओं में चयनित 1870 ग्रामों के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। इसके साथ–साथ 05 प्राथमिकता के क्षेत्रों (शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषाहार, कृषि एवं कौशल प्रशिक्षण) में भी चयनित ग्रामों में कार्य किया जाना है। इस अभियान के दौरान सम्पादित समस्त गतिविधियों को वेबपोर्टल (egsa.nic.in) पर नियमित रूप से अपलोड किया जा रहा है।

इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों तथा विभागीय अधिकारियों को विभाग द्वारा विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये जा चुके है। साथ ही साथ राज्य शासन एवं केन्द्र शासन द्वारा भी जिलेवार अधिकारियों/कर्मचारियों को क्रियान्वयन हेतु नामांकित किया गया है।

हितग्राहियों की पहचान तथा उन तक योजनाओं के पहुंच के लिये सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्व–सहायता समूहों का सहयोग अहम होगा।

"सबका साथ, सबका गॉव, सबका विकास" के इस अभियान में आपका महत्वपूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

आपका

(अजय चन्द्राकर)